हापुड़ पुलिस

प्रेस नोट

थाना - हापुड देहात दिनांक 28.06.2024

गाड़ी से लाखों की नकदी चोरी करने की घटना का सफल अनावरण

- जनपदीय स्वाट एवं थाना हापुड देहात की संयुक्त पुलिस टीम ने नई मण्डी के पास खड़ी व्यापारी की गाड़ी से लाखों रुपये की नकदी चोरी करने की घटना का सफल अनावरण करते हुए 03 शातिर चोरों को किया गिरफ्तार।
- जिनके कब्जे से चोरी किये गये 9,16,000/- रुपये व चोरी के रुपये से खरीदे गये 02 मोबाइल फोन (एप्पल व ओप्पो) सहित 04 मोबाइल फोन, एक बैग व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद।
- गिरफ्तार अभियुक्तगण शातिर किस्म के चोर हैं जिनके द्वारा लगातर कई दिनों से मण्डी के व्यापारियों की रैकी की जा रही थी तथा मौका पाकर दिनांक 20.06.2024 को थाना हापुड़ देहात क्षेत्रांतर्गत व्यापारी की गाड़ी से 12.50 लाख रुपये चोरी करने की घटना कारित की गई थी।

कार्यवाही:-

हापुड पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं चोरों/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत जनपदीय स्वाट एवं थाना हापुड देहात की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाने के मु0अ0सं0 196/24 धारा 379 भादवि का सफल अनावरण करते हुए 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से चोरी किये गये 9,16,000/- रुपये व चोरी के रुपये से खरीदे गये 02 मोबाइल फोन (एप्पल व ओप्पो) सहित 04 मोबाइल फोन, एक बैग व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद हुई है।

उपरोक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हापुड़ देहात पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तारी का स्थान व समय- एनएच-9 पर मेरठ कट के पास व दिनांक 27.06.2024 समय 23.55 बजे।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता:-

1. आलोक पुत्र रविंद्र सिंह निवासी महादेव चौक राणा पट्टी कस्बा थाना पिलखुवा जनपद हापुड़।
2. अमन पुत्र संजय निवासी मोहल्ला गढ़ी कस्बा थाना पिलखुवा जनपद हापुड़।
3. अभिषेक पुत्र संजय निवासी मोहल्ला गढ़ी कस्बा थाना पिलखुवा जनपद हापुड़।

बरामदगी का विवरण:-

1. 9,16,000/- रुपये नकदी व एक बैग (जिसमें वादी के महत्वपूर्ण दस्तावेज)।
2. चोरी के रुपये से खरीदे गये 02 मोबाइल फोन (एप्पल व ओप्पो) सहित 04 मोबाइल फोन।
3. घटना में प्रयुक्त स्पेलेन्डर मोटरसाइकिल (बिना नम्बर)।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-

जनपदीय स्वाट टीम:-

1. निरीक्षक श्री पटनीश यादव प्रभारी स्वाट टीम जनपद हापुड़।
2. उ0नि0 श्री पारस मलिक स्वाट टीम जनपद हापुड़।
3. उ0नि0 श्री नसीम खांन स्वाट टीम जनपद हापुड़।
4. है0का0 नीरज त्यागी स्वाट टीम जनपद हापुड़।
5. है0का0 संजीव कुमार स्वाट टीम जनपद हापुड़।
6. है0का0 राजीव मलिक स्वाट टीम जनपद हापुड़।
7. है0का0 सोनू स्वाट टीम जनपद हापुड़।
8. है0का0 विशाल स्वाट टीम जनपद हापुड़।
9. है0का0 अमित चौधरी स्वाट टीम जनपद हापुड़।
10. है0का0 राहुल बालियान स्वाट टीम जनपद हापुड़।
11. है0का0 विनीत धामा स्वाट टीम जनपद हापुड़।
12. है0का0 कुलदीप थोलिया स्वाट टीम जनपद हापुड़।

थाना हापुड़ देहात पुलिस:-

1. निरीक्षक श्री सुधीर कुमार थाना हापुड देहात जनपद हापुड।
2. व0उ0नि0 श्री विनोद कुमार थाना हापुड देहात जनपद हापुड।
3. है0का0 556 सचिन कुमार थाना हापुड देहात जनपद हापुड।
4. का0 616 सोनू कुमार थाना हापुड देहात जनपद हापुड।
5. का0 953 जोरावर सिंह थाना हापुड देहात जनपद हापुड।